


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,गुरुवार,20,नवंबर,2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com


# दिल्लीवासियों की सांसों पर संकट

## 400 के पार पहुंचा AQI; जहरीली धुंध की चदर में लिपटी राजधानी



राजधानी में आज सुबह घना जहरीला स्मॉग छाया रहा। धौला कुआं, पंजाबी बाग, अशोक विहार समेत कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया। लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है।दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। राजधानी में आज सुबह कई इलाकों में घना जहरीला स्मॉग छाया रहा। राजधानी के कई इलाकों में आज सुबह एक्यूआई 400 से ऊपर दर्ज किया गया।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार, आज सुबह आनंद विहार में एक्यूआई 416, अशोक विहार में 443, आया नगर में 332, बवाना में 437, बुराड़ी में 418, डीटीयू में 432, द्वारका में 414, आईटीओ में 399, जहांगीरपुरी में 451 दर्ज किया गया है।

# क्या राहुल की राय से बिगड़ रही चुनाव आयोग की छवि



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों की निंदा करते हुए हाल ही में कुछ जानी-मानी हस्तियों ने एक खुला पत्र लिखा है। इस पर कांग्रेस नेत अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी की राय का आयोग की छवि खराब करने से कोई संबंध नहीं है। अधीर रंजन चौधरी ने पत्रकारों से कहा, जजों की अपनी राय होती है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को भी अपनी बात कहने का अधिकार है। राहुल गांधी की बातें अहम हैं। उनका उद्देश्य देशभर में लोगों के वोट देने के अधिकार की रक्षा करना है। इसका किसी संस्था या चुनाव आयोग की छवि को खराब करने से कोई संबंध नहीं है। जजों की राय को ईश्वरीय आदेश जैसा नहीं मानना चाहिए। वे भगवान नहीं हैं। वहीं, केरल भाजपा प्रमुख राजीव चंद्रशेखर

# सुधाकर सिंह का निधन

## सपा विधायक सुधाकर सिंह का लखनऊ में निधन, उपचुनाव में मंत्री दारा सिंह को हराकर बने थे MLA



मऊ जिले के चर्चित घोसी विधानसभा से सपा विधायक सुधाकर सिंह का निधन हो गया। उनका इलाज लखनऊ के मेदांता अस्पताल में चल रहा था। उनके निधन की जारी उनके बेटे डॉक्टर सुजीत सिंह ने दी है।मऊ जिले की चर्चित घोसी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक सुधाकर सिंह का लखनऊ के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके बेटे डॉक्टर सुजीत सिंह ने पिता के निधन की पुष्टि की।67 साल की उम्र में सुधाकर सिंह का निधन हुआ। शुरुआती जानकारी मिली है कि 17 नवंबर को दिल्ली में मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी के रिसेप्शन से लौटने के बाद उनकी तबीयत खराब हो गई थी। इसके बाद उन्हें मंगलवार को इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया था। लखनऊ के मेदांता अस्पताल में गुरुवार सुबह उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली।

# भारत-जर्मनी मिलकर बनाएंगे हेलिकॉप्टर अवरोध बचाव प्रणाली



भारत और जर्मनी हेलिकॉप्टर अवरोध बचाव प्रणाली विकसित करेंगे। एचएएल और जर्मन कंपनी हेंसोल्ट ने दुबई एयर शो में समझौता किया, जिसमें डिजाइन, तकनीक हस्तांतरण, निर्माण और मरम्मत शामिल हैं। यह प्रणाली कम दृश्यता और कम ऊंचाई पर उड़ान के दौरान हादसों का खतरा कम करेगी।भारत-जर्मनी मिलकर हेलिकॉप्टर अवरोध बचाव प्रणाली का निर्माण करेंगे। इसके लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (एचएएल) और जर्मनी की रक्षा उपकरण निर्माता कंपनी हेंसोल्ट सेंसर्स ने दुबई एयर शो में समझौता किया है।

# लैंसेट की सुपरबग रिपोर्ट पर भारत की आपत्ति



लैंसेट की सुपरबग रिपोर्ट पर एनसीडीसी ने कहा कि 83% का आंकड़ा संक्रमण नहीं बल्कि कॉलोनाइजेशन है। भारत की स्थिति अमेरिका और यूरोप से बेहतर बताई।भारत में सुपरबग संक्रमण के जोखिम पर प्रकाशित लैंसेट का अध्ययन गलत संदर्भ में पेश किया गया। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) का कहना है कि इस अध्ययन में बताए गए 83 फीसदी सुपरबग का आंकड़ा संक्रमण नहीं, बल्कि कॉलोनाइजेशन से जुड़ा है जिसका मतलब ये बिलकुल नहीं कि मरीज बीमार है या इलाज विफल हो गया।एनसीडीसी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अध्ययन में शामिल डाटा को पूरे भारत की स्वास्थ्य स्थिति का संकेत बताना भ्रामक और वैज्ञानिक संदर्भ से बाहर है। अध्ययन बहुत सीमित दायरे और उच्च जोखिम वाले मरीजों तक सीमित है। इसलिए इसे भारत की आम आबादी पर लागू नहीं किया जा सकता। इसके अलावा भारत की तुलना में अमेरिका-यूरोप में अधिक गंभीर स्थिति है। उन्होंने कहा कि भारत में मेथिसिलिन-प्रतिरोधी स्टेफिलोकोकस ऑरियस जीवाणु से जुड़े संक्रमण के मामले बहुत कम हैं। दरअसल मेडिकल जर्नल द लैंसेट में प्रकाशित एक अध्ययन में चेतावनी दी है कि भारत में सुपरबग तेजी से बढ़ रहे हैं। इस अध्ययन में भारत के अलावा इटली, नीदरलैंड और अमेरिका के लगभग 1,200 मरीजों की जांच की गई।

# Maharashtra

## पालघर में अमानवीय सजा देने वाला आरोपी शिक्षिका गिरफ्तार; 100 उठक-बैठक के बाद छात्रा की हुई थी मौत



महाराष्ट्र के पालघर जिले में कक्षा 6वीं की एक छात्रा की मौत के मामले में एक महिला शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि, शिक्षिका ने छात्रा को स्कूल में देर से आने पर कथित तौर पर 100 उठक-बैठक करने के लिए मजबूर किया गया था। इस घटना के बाद छात्रा की तबीयत खराब हुई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना 8 नवंबर की है, जब वसई के श्री हनुमंत विद्या मंदिर में कक्षा 6 में पढ़ने वाली कक्षा छह की छात्रा काजल गौड़ को देरी से स्कूल आने पर अध्यापक ने सौ उठक-बैठक लगाने की सजा दी। उठक-बैठक लगाने के बाद काजल के कमर में दर्द होने लगा। बच्ची की मां ने बताया कि स्कूल से आने के बाद उसने तबीयत खराब होने की शिकायत की। इसके बाद उसे वसई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे एक अन्य अस्पताल में और फिर जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को इलाज के दौरान बच्ची की जेजे अस्पताल में मौत हो गई।

# Aaj Ka Rashifal 20 Nov

## कर्क, सिंह और कन्या राशि वालों की इच्छाओं की पूर्ति का दिन है



आज गुरुवार 20 नवंबर का दिन है आज के दिन चंद्रमा पूरे दिन वृश्चिक राशि में गोचर रहेंगे। इसके अलावा चंद्रमा अनुराधा नक्षत्र में संचार करेंगे। आज चंद्रमा मंगल की राशि वृश्चिक में होने के वजह से वह नीच के होंगे हालांकि नीच भंग राजयोग बनेगा जिससे चंद्र मंगल योग बनेगा। आज का दिन कुछ राशि वालों के लिए जहां शुभ और अच्छा होगा वहीं कुछ के लिए परेशानियों से भरा हुआ होगा। आइए जानते हैं आज का राशिफल।



### मेष

आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा धैर्य और संयम दिखाने की आवश्यकता है। यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप रहें, लेकिन बिजनेस में आपको अच्छे कामों से एक नई पहचान मिलेगी। जीवनसाथी भी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। आप अपनी किसी गलती को दोबारा ना दोबाराएं, नहीं तो आपके बॉस से आपको डांट खानी पड़ सकती है।



### वृषभ

आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। बिजनेस में कुछ नए लोगों से मिलने का मौका मिलेगा, जो उनको काम को लेकर कुछ नया टिप्स देंगे। जीवनसाथी को भी नौकरी में प्रमोशन आदि मिल सकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। यदि किसी सदस्य के विवाह में कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी आपके किसी मित्र की मदद से दूर होती दिख रही है।



### मिथुन

आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपकी किसी बात को लेकर माताजी आपसे नाराज हो सकती हैं, यदि ऐसा हो, तो आप उन्हें मनाने की पूरी कोशिश करें और आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें, नहीं तो इससे बाद में आपकी समस्या और बढ़ेंगी। कोई शारीरिक समस्या यदि आपको लंबे समय से घेरे हुए थी, तो वह बढ़ सकती है, जो आपकी मुश्किलों को बढ़ाएगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगेगी। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।



### कर्क

आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा और आपको आज बिजनेस के किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। ऑनलाइन कम कर रहे लोगों के साथ कोई फ्रॉड हो सकता है। शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से आपको थोड़ा सावधानी बरतनी होगी। आपको किसी गलती के लिए पछतावा हो सकता है और आप अपने लेनदेन से संबंधित मामलों को मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।



### सिंह

आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप परिवार में किसी सदस्य से किए हुए वादे को भी पूरा करेंगे और नए काम में आप थोड़ा सोच समझकर हाथ बढ़ाएं। पार्टनरशिप में आपको धोखा मिलने की संभावना है। यदि आपकी कोई डील अटकी हुई थी, तो वह भी फाइनल हो सकती है और आपको आपका उधार दिया हुआ धन मिलने से खुशी होगी।



### कन्या

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। भाई-बहनों से आपकी खूब पटेगी और किसी पैतृक संपत्ति को लेकर यदि कोई विवाद चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपको किसी कानूनी मामले में अपनी आंख व कान खुले रखने होंगे।



### तुला

आज आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा धन खर्चा करेंगे, लेकिन बेफिजूल का खर्च भी आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। बिजनेस कर रहे लोग अपने कामों में कोई बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। यदि आपने शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट किया था, तो उसमें आपको अच्छा बेनिफिट मिलने की संभावना है। आप किसी अजनबी पर आंख बंदकर भरोसा ना करें, नहीं तो वह आपको धोखा दे सकता है। संतान की फरमाइश पर आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।



### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कोई काम करने के लिए रहेगा। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचाना को कहा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आप कार्यक्षेत्र में काम को लेकर यदि कोई सलाह लेंगे, तो वह भी आसानी से मिल जाएगी। आपको अपनी आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलना होगा और किसी के कहने में आकर कोई बड़ा जोखिम लेने से बचें।



### धनु

आज का दिन आपके लिए आलस्य को त्यागकर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से वह कहीं बाहर जा सकते हैं। आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचाना होगा।



### मकर

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। दोस्तों के साथ किसी पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी पार्टी में जा सकते हैं, लेकिन आपका किसी से कोई लड़ाई-झगड़े की संभावना हो, तो आप उसमें चुप रहने की कोशिश करें। आपको अपने किसी लिए गए फैसले के लिए पछतावा होगा। आपकी माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं, जिस पर आपको पूरा ध्यान देना होगा।



### कुंभ

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका कोई नया घर खरीदने की इच्छा पूरी होगी। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। कार्यक्षेत्र में मनमुताबिक काम मिलने से खुशी होगी और आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे, लेकिन आपकी कोई पेट संबंधित समस्या आपको परेशान करेगी।



### मीन

आज आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी और किसी छोड़ी हुई नौकरी से भी बुलवा आ सकता है, लेकिन राजनीतिक में आप थोड़ा सोच समझकर कदम उठाएं, क्योंकि कोई आपको बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार में किसी पूजा-पाठ का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा और आपको जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे।

# कल 10वीं बार शपथ लेंगे

## नई सरकार बनाने के लिए नीतीश कुमार ने दावा पेश किया



पटना में विधानसभा के सेंट्रल हॉल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक हुई। इसमें भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाईटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा, लोक जनशक्ति पार्टी के सभी नव निर्वाचित विधायक और नीतीश कुमार, चिराग पासवान, संतोष सुमन, उपेंद्र कुशवाहा, सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता चुने गए सम्राट चौधरी ने बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री पद के लिए नीतीश कुमार के नाम का प्रस्ताव रखा। सर्वसम्मति से, फिर से नीतीश कुमार का नारा लगाते हुए एनडीए विधायक दल ने कल के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी कर ली। 'अमर उजाला' बगैर किसी संशय के बार-बार यह बात सामने ला रहा था कि अगर एनडीए बहुमत में आता है तो ज्यादा विधायकों की स्थिति में भी भाजपा नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाएगी। वही बात आज साबित हुई। इधर, एनडीए के विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सीएम नीतीश कुमार राजभवन पहुंचे। वहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को उन्होंने अपना इस्तीफा सौंपा। कुछ देर तक दोनों नेताओं ने बातचीत हुई। इसके बाद नीतीश कुमार राजभवन से निकल गए। कल 10वीं बार मुख्यमंत्री की शपथ लेने नीतीश कुमार गांधी मैदान पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में शपथ ग्रहण समारोह होगा। कल 11:30 बजे के आसपास शपथ ग्रहण समारोह शुरू होगा। मुख्यमंत्री लगभग 12:00 बजे शपथ लेंगे। इधर, एनडीए की बैठक के बाद लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए उम्मीदवारों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुभव और 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' पर भरोसा

# Kanpur: ठंड से बचने की कोशिश बनी जानलेवा



## बंद कमरे में चार युवकों ने गंवाई जान, पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर

Kanpur News: पनकी इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र में कमरे में अलाव जलाकर सो रहे चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है।कानपुर में पनकी इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्टरी के कमरे आग जलाकर सो रहे चार युवकों की दम घुटने से मौत हो गई है। पुलिस और फॉरेंसिक मौके पर है। कमरे में तसले में कोयला की राख मिली है। पनकी इंडस्ट्रियल एरिया के साइट नंबर दो में ऑयल सीड्स कंपनी का प्लांट लगा हुआ है। यहां बने एक कमरे में बुधवार की रात को चार युवक आग जलाकर सो गए।सुबह फैक्टरी का गॉर्ड और अन्य कर्मचारी आए, तो उन्हें कमरे का दरवाजा बंद मिला। दरवाजा तोड़ने पर अंदर सो रहे चारों युवक मृत मिले। उनकी पहचान अयोध्या के अमित वर्मा (32), देवरिया के संजू सिंह (22), राहुल सिंह (23) और दौड़ अंसारी (28) के रूप में हुई। कमरा चारों तरफ से बंद था] जिसमें एक तसले में कोयला जलता हुआ पाया गया है।



# बिग बॉस 18 फेम चुम दरांग

## पैपराजी की लगा दी क्लास, यूजर्स भी सपोर्ट में उतरे



Bigg Boss 18 Fame Actress Chum Darang: इन दिनों पैपराजी से कई सेलेब्स परेशान हैं। खासकर एक्ट्रेसेस काफी दिक्कतों का सामना कर रही हैं। हाल ही में चुम दरांग ने भी पैपराजी को टोक दिया। जानिए, एक्ट्रेस ने ऐसा क्यों किया? चुम दरांग बतौर एक्ट्रेस कुछ बॉलीवुड फिल्में की हैं लेकिन उन्हें पहचान 'बिग बॉस 18' से मिली थी। इस शो ने एक्ट्रेस को काफी लाइमलाइट दी। पैपराजी भी जब-तब चुम दरांग की फोटो क्लिक करने के लिए पहुंच जाते हैं।कई बार वह वीडियो और फोटो एक्ट्रेस को असहज कर देती हैं। सोशल मीडिया पर भी ये वीडियो और फोटो वायरल होती हैं। कुछ पैपराजी को सिर्फ बैकसाइड से ही एक्ट्रेस की फोटो क्लिक करते हैं। इस बात पर एक्ट्रेस जरीन खान ने भी कुछ महीने पहले पैपराजी को टोका था।

# नयनतारा के जन्मदिन पर विग्नेश शिवन ने दी करोड़ों की आलीशान कार; शेयर कीं तस्वीरें



Vignesh Shivan-Nayanthara: साउथ की लेडी सुपरस्टार नयनतारा के जन्मदिन के मौके पर उनके डायरेक्टर पति ने उन्हें रॉल्स रॉयस गिफ्ट की है। इसकी कीमत करोड़ों में है। विग्नेश ने सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर की हैं।अभिनेत्री नयनतारा ने 18 नवंबर को अपना जन्मदिन मनाया। एक्ट्रेस के बर्थडे को उनके पति व डायरेक्टर विग्नेश शिवन ने और खास बना दिया। विग्नेश ने उन्हें रॉल्स रॉयस गिफ्ट की है, जिसकी फोटोज आज बुधवार को सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। साथ ही उन्होंने नयनतारा के लिए एक लव नोट लिखा है। 'जन्मदिन मुबारक हो मेरी नयनतारा। आपका जन्मदिन एक आशीर्वाद है। मैं तुम्हें बेहद प्यार करता हूं। जीवन को इतना खूबसूरत बनाने के लिए शुक्रिया। हमारी जिंदगी में इतने खूबसूरत पल, प्यार, पॉजिटिविटी देने के लिए यूनिवर्स का शुक्रिया'।नयनतारा ने सादगीभरे अंदाज में परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाया। नयनतारा साउथ की टॉप एक्ट्रेस में शुमार हैं। वे तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा की फिल्मों में अहम किरदार निभा चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने साल 2023 में रिलीज हुई शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के जरिए बॉलीवुड में भी डेब्यू किया। इस फिल्म में उनका एक्शन अवतार देखा गया।

# बिना स्क्रिप्ट पढ़े राशि खन्ना ने क्यों साइन 'उस्ताद भगत सिंह'? अब किया खुलासा



Rashi Khanna: राशि खन्ना ने एक इंटरव्यू में बताया है कि उन्होंने तेलुगु फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' को बिना स्क्रिप्ट पढ़े क्यों साइन कर लिया था? अभिनेत्री राशि खन्ना इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म '120 बहादुर' को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में कई तरह की भूमिकाएं निभाई हैं लेकिन कोई ऐसा कोई प्रोजेक्ट नहीं था, जिसकी स्क्रिप्ट पढ़े बिना उन्होंने साइन किया हो। हालांकि उन्होंने बताया कि तेलुगु फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' की स्क्रिप्ट सुने बिना ही इसे साइन किया। दूसरी बात यह है कि आम लोगों को भी वह बहुत प्रेम करते हैं। इन सबके अलावा वह एक बहुत अच्छे अभिनेता हैं।' राशि ने आगे बताया 'उनकी कॉमिक टाइमिंग शानदार है। मैंने सेट पर ऐसी छोटी-छोटी चीजें देखीं, जिनसे मैं हैरान हो गई। मुझे नहीं लगता कि उन्हें पता है कि वो कितने अच्छे हैं।

# पहले दिन अजय की फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' ने मारी बाजी

## 'कांथा' ने भी दिखाया दम; जानें बाकी फिल्मों का कलेक्शन





Box Office Collection: शुक्रवार को अजय देवगन की फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' और साउथ फिल्म 'कांथा' रिलीज हुई। पहले ही 'हक' के अलावा कुछ और फिल्में सिनेमाघरों में मौजूद हैं। जानिए, शुक्रवार को नई रिलीज और बाकी फिल्मों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन क्या रहा?अजय देवगन की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' को लेकर रिलीज से पहले अच्छा-खासा क्रेज था। फिल्म के ओपनिंग डे कलेक्शन में भी यह बात साफ नजर आई। अजय की फिल्म ने पहले दिन अच्छा कलेक्शन कर लिया। साथ ही शुक्रवार को दुलकर सलमान की साउथ फिल्म 'कांथा' भी रिलीज हुई। जानिए, दे दे प्यार दे 2', 'कांथा' ने पहले दिन कितना कमाया। साथ ही बाकी फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल है? सैकनिल्क के अनुसार अजय देवगन और रकुल प्रीत स्टारर फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' ने पहले दिन 8.50 करोड़ की कमाई की है।अंशुल शर्मा निर्देशित फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन, रकुल प्रीत के अलावा माधवन भी हैं। फिल्म की कहानी एक एच गैप स्टोरी है। फिल्म में माधवन ने रकुल प्रीत के किरदार के पिता का रोल किया है। वहीं रकुल और अजय देवगन के कैरेक्टर्स के बीच लव स्टोरी दिखाई है।

# 'यूपी वाली बिहार वाली'

## फिल्म के सेट पर रानी चटर्जी के साथ हुआ प्रैंक, अचानक चीख उठीं भोजपुरी एक्ट्रेस



अभिनेत्री रानी चटर्जी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'यूपी वाली बिहार वाली' की शूटिंग में बिजी हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें रानी की को-स्टार उनके साथ प्रैंक करती दिख रही है।भोजपुरी अदाकारा रानी चटर्जी का पर्दे पर रौबदार अंदाज नजर आता है। वे पुलिस वाले की भूमिका अदा करें या बहू के रोल में नजर आएं, दमदार आवाज से दिल जीत लेती हैं। मगर, असल जिंदगी में वे ऐसी हैं कि एक खरगोश देखकर भी डर से चीख उठीं। उनका एक वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल है।चर्चित भोजपुरी अभिनेत्री संजना पांडे ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। दोनों एक्ट्रेस फिल्म के सेट पर हैं। संजना अपनी साड़ी के पल्लू में एक खरगोश के बच्चे को छिपाकर रानी के पास जाती हैं। रानी के सामने अचानक खरगोश के बच्चे को दिखाते हैं। देखकर रानी अचानक चिल्लाने लगती हैं और छिपने की कोशिश करती हैं। वीडियो के साथ संजना ने कैप्शन लिखा है, 'कभी कभी सेट पर मैं प्रैंक कर देती हूं। 'यूपी वाली बिहार वाली' के सेट पर मैंने खूबसूरत रानी चटर्जी को डरा दिया'। संजना के पोस्ट पर रानी ने कमेंट किया है, 'बदमाश लड़की'। इसके अलावा एक अन्य वीडियो खुद रानी चटर्जी ने शेयर किया है। इसमें वे पेड़ से आंवले तोड़कर खाती नजर आ रही हैं। रानी चटर्जी की फिल्म की शूटिंग किसी गांव में हो रही है। इस दौरान वे खूबसूरत पल भी बिता रही हैं। वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने लिखा है, 'ये सारे अनुभव शहर में कहां? यह तो गांव की खूबसूरत है'। रानी के पास 'यूपी वाली बिहार वाली' के अलावा एक अन्य फिल्म 'हम हुई जेठानी' भी है,

# 'जिंदगी कैसे बदलती है...', प्रियदर्शन की 'हैवान'

## में हुई इस साउथ सुपरस्टार की एंट्री; निर्देशक ने ऐसे किया वेलकम



Haiwaan Movie: प्रियदर्शन की आगामी फिल्म 'हैवान' अपनी घोषणा के साथ ही चर्चा में बनी हुई है। अब फिल्म में एक बड़े स्टार की एंट्री हुई है। जानिए कौन है वो सुपरस्टार...अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म 'हैवान' लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। फिल्म की शूटिंग अभी जारी है और सेट से कई तस्वीरें भी कास्ट की सामने आ चुकी हैं। प्रियदर्शन की इस फिल्म में अब मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की भी एंट्री हो गई है। ये पहले से ही कहा जा रहा था कि मोहनलाल इस फिल्म का हिस्सा होंगे। अब ये कंफर्म हो गया है कि मोहनलाल फिल्म का हिस्सा हैं और उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी खुद निर्देशक प्रियदर्शन ने दी है।निर्देशक प्रियदर्शन ने अपने इंस्टाग्राम पर 'हैवान' के सेट से एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में वो अभिनेता सैफ अली खान और मोहनलाल के साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में उनके साथ एक चाइल्ड आर्टिस्ट भी नजर आ रही है। इस तस्वीर को साझा करते हुए प्रियदर्शन ने मोहनलाल के लिए एक प्यारा सा नोट भी लिखा है। कैप्शन में प्रियदर्शन ने लिखा, 'जिंदगी को देखो यह कैसे बदलती है। मैं यहां हूं, 'हैवान' के शूटिंग सेट पर, अपने सबसे बड़े क्रिकेट नायकों में से एक और अपने पसंदीदा फिल्म आइकन के बेटे के साथ काम कर रहा हूं। सच में, भगवान दयालु हैं।'

# The Bonus Market News

## हरे निशान में खुले सेंसेक्स-निफ्टी; शुरुआती कारोबार में US डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर



वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के साथ गुरुवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी देखी गई। ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह से भी आशावादी रुख को बल मिला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 284.49 अंक चढ़कर 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 85,470.96 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 83.35 अंक चढ़कर 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 26,136 पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर में सुधार के कारण घरेलू मुद्रा में तेजी पर अंकुश लगने से रुपया 18 पैसे गिरकर 88.66 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड लाभ में रहे। वहीं, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

**एशियाई बाजारों में दिखी बढ़त**

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। कोस्पी और निक्केई 225 सूचकांक 3 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

# डॉलर की तुलना में रुपया 12 पैसे मजबूत

## टैरिफ संकट से 1.7 फीसदी पहुंचेगा चालू खाता घाटा




डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार को 12 पैसे मजबूती के साथ 88.48 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये को समर्थन मिला। हालांकि, अन्य प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर में मजबूती से रुपये की बढ़त सीमित रह गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में स्थानीय मुद्रा 88.57 के स्तर पर खुला। दिन में 88.41 के उच्च स्तर पहुंच गई थी।

**टैरिफ संकट से 1.7 फीसदी पहुंचेगा चालू खाता घाटा**

देश का चालू खाता घाटा (कैड) 2025-26 में बढ़कर जीडीपी के 1.7 फीसदी पहुंच सकता है। यह वृद्धि मुख्य रूप से टैरिफ संकट के कारण है, जो कमजोर मांग और कमोडिटी की कम कीमतों के बावजूद व्यापार घाटे को बढ़ाए हुए हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने रिपोर्ट में कहा, त्योहारी मांग के प्रभाव के कारण व्यापार घाटे पर दबाव पड़ सकता है। हालांकि, क्रूड की कम कीमतें समग्र प्रभाव को सीमित कर सकती हैं।

**इस्राइल से एफटीए प्रगति की समीक्षा इसी सप्ताह से** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस सप्ताह तीन दिन की इस्राइल यात्रा पर रवाना होंगे। इस दौरान वह भारत और इस्राइल के साथ चल रहे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति की समीक्षा करेंगे। गोयल के साथ कुल 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल भी होगा। यात्रा के दौरान द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देने के तरीकों पर नेताओं और व्यवसायों के साथ चर्चा होगी। बजाज ऑटो ने ऑस्ट्रियाई बाइक निर्माता केटीएम में बहुलांश हिस्सेदारी खरीद ली है। इसके यूरोपीय नियामकों से 80 करोड़ यूरो के लेनदेन के लिए मंजूरी मिल गई है।

# जयप्रकाश एसोसिएट्स का अधिग्रहण अदाणी के नाम

## कम बोली के बावजूद 89% वोट से मिली मंजूरी




कम बोली लगाने के बावजूद अदाणी समूह को दिवालिया हो चुके जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण के लिए कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) से मंजूरी मिल गई है। अदाणी समूह की कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज (एईएल) ने वेदांता और डालमिया सीमेंट (भारत) को पीछे छोड़ते हुए 14,535 करोड़ में बोली जीत ली। एईएल ने स्टॉक एक्सचेंज को दी सूचना में कहा, कॉरपोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया से गुजर रही जयप्रकाश (जेपी) एसोसिएट्स लि. (जेएएल) के कर्जदाताओं की समिति ने अदाणी एंटरप्राइजेज के प्रस्तुत समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। एईएल को कर्जदाताओं से सबसे अधिक 89 फीसदी वोट मिले। उसके बाद डालमिया सीमेंट और वेदांता समूह का स्थान रहा। बोली के वित्तीय विवरण का खुलासा किए बिना एईएल ने कहा, उसे 19 नवंबर, 2025 को समाधान पेशेवर (आरपी) से आशय पत्र (एलओआई) मिला है।

**कर्जदाताओं ने अदाणी समूह की बोली किया पसंद** सूत्रों ने बताया, कर्जदाताओं ने अदाणी समूह की बोली को इसलिए पसंद किया, क्योंकि इसमें प्रतिस्पर्धी प्रस्तावों की तुलना में काफी ज्यादा अग्रिम भुगतान की पेशकश की गई थी। समूह ने 14,535 करोड़ रुपये का कुल योजना मूल्य (टीपीवी) का प्रस्ताव किया है। इसमें 6,005 करोड़ अग्रिम और 6,726 करोड़ रुपये

# Gold Silver Price

## सोने-चांदी की कीमतों में उछाल, जानें क्या है आज का भाव



मजबूत मांग के बीच राजधानी दिल्ली सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु का भाव 1,500 रुपए बढ़कर 1,26,700 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। वहीं चांदी की कीमतों में भी उछाल आया और यह 4,000 रुपए बढ़कर 1,60,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जिससे स्थानीय सर्राफा बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट थम गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

**सुरक्षित निवेश की नई मांग से बढ़ी सोने की कीमत**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि सुरक्षित निवेश की नई मांग के कारण बुधवार को सोने में तेजी आई, जबकि अमेरिकी श्रम बाजार में कमजोरी के लगातार संकेत से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बनी हुई है।

**वैश्विक बाजार में बढ़े सोने-चांदी के दाम**

वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ 46.32 डॉलर या 1.14 प्रतिशत बढ़कर 4,114.01 डॉलर प्रति औंस हो गया। विदेशी कारोबार में चांदी हाजिर 3.09 प्रतिशत बढ़कर 52.26 डॉलर प्रति औंस हो गई।

# Crude Oil

## रूस पर अमेरिका के प्रतिबंधों से कच्चे तेल की कीमतों में चार फीसदी से अधिक उछाल, बाजार में हलचल



अमेरिका की इस सख्ती के बाद बृहस्पतिवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 2.71 डॉलर या 4.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 65.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया।यूक्रेन में शांति समझौते पर बातचीत के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बनाने के प्रयास के तहत अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन प्रतिबंधों में अमेरिका में रोसनेफ्ट और लुकोइल की सभी संपत्तियों को जब्त करना भी शामिल है। अमेरिका की इस सख्ती के बाद बृहस्पतिवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 2.71 डॉलर या 4.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 65.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड की कीमतें 2.56 डॉलर या 4.40 फीसदी के उछाल के साथ 61.06 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गईं।अमेरिका से पहले ब्रिटेन ने भी पिछले सप्ताह रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने भी रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के 19वें पैकेज को मंजूरी दी, जिसमें रूसी एलएनजी के आयात पर पाबंदी लगाना भी शामिल है। यूबीएस के विश्लेषक जियोवानी स्टानोवो ने कहा, वैश्विक तेल बाजारों पर इन प्रतिबंधों का पड़ने वाला असर इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत कैसी प्रतिक्रिया देता है और क्या रूस को वैकल्पिक खरीदार मिलते हैं।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612


















# WTC Final: आठ टेस्ट में तीन हार

## क्या भारत अब भी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंच सकता है? जानें समीकरण




टीम का मौजूदा अंक प्रतिशत (PCT) 54.17 प्रतिशत है, जो पिछले तीन चक्रों को देखते हुए फाइनल खेलने के लिए पर्याप्त नहीं माना जाता। डब्ल्यूटीसी में आमतौर पर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों का अंक प्रतिशत 64-68% के बीच रहता है। ऐसे में भारत की राह बेहद संकरी और चुनौतीपूर्ण है।कोलकाता टेस्ट में मिली हार के बाद भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2025–27 में स्थिति मुश्किल हो चुकी है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने अब तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र में आठ में से तीन टेस्ट हार चुकी है। एक मुकाबला ड्रॉ रहा और केवल चार जीत दर्ज की हैं। यह प्रदर्शन उन मानकों से काफी दूर है जो फाइनल में जगह बनाने के लिए अपेक्षित होते हैं।टीम का मौजूदा अंक प्रतिशत (PCT) 54.17 प्रतिशत है, जो पिछले तीन चक्रों को देखते हुए फाइनल खेलने के लिए पर्याप्त नहीं माना जाता। डब्ल्यूटीसी में आमतौर पर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों का अंक प्रतिशत 64-68% के बीच रहता है। ऐसे में भारत की राह बेहद संकरी और चुनौतीपूर्ण है।भारत को इस साइकिल में कुल 18 टेस्ट खेलने थे, जिनमें से आठ मैच वह खेल चुका है।अब उसके सामने10महत्वपूर्ण मुकाबले शेष हैं। इनमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज का एक टेस्ट (गुवाहाटी), श्रीलंका दौरे पर दो टेस्ट, न्यूजीलैंड दौरे पर दो टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज शामिल हैं। इन सभी मुकाबलों में भारत को लगभग बेहतरीन क्रिकेट दिखाना होगा। खासकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट की होम सीरीज भारत की डब्ल्यूटीसी किस्मत तय कर सकती है, क्योंकि यहां हार की कोई गुंजाइश नहीं होगी।अगर भारत अपने शेष 10 मैच सभी जीत लेता है, तो उसके कुल अंक 172 हो जाएंगे और अंक प्रतिशत बढ़कर 79.63 प्रतिशत हो जाएगा, यानी फाइनल तय। हालांकि, यह आदर्श स्थिति है। भारत का संभावित अंक प्रतिशत, टीम द्वारा शेष मैचों में प्राप्त जीत की संख्या पर निर्भर करेगा। भारत 18 में से आठ टेस्ट खेल चुका है और हम आपको यह बता रहे हैं

# सभी टीमें आज जारी करेंगी रिटेन-रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची, कौन रहेगा बरकरार और किसका छूटेगा साथ




आईपीएल 2026 के लिए होने वाली नीलामी 16 दिसंबर को अबु धाबी में होने की उम्मीद है। नीलामी से पहले सभी फ्रेंचाइजी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।आईपीएल 2026 के सत्र के लिए सभी 10 टीमों ने कमर कस ली है और इससे पहले होने वाली मिनी नीलामी से पहले सभी फ्रेंचाइजी को रिटेन या रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने ये सूची जारी करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर रखी है। आईपीएल 2026 के लिए होने वाली नीलामी 16 दिसंबर को अबु धाबी में होने की उम्मीद है। नीलामी से पहले सभी फ्रेंचाइजी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। पिछले साल हुए मेगा नीलामी के उलट फ्रेंचाइजी जितने चाहे खिलाड़ियों को रिटेन या रिलीज कर सकती हैं। टीमें अपनी इच्छानुसार अपनी टीम में बदलाव करने के लिए स्वतंत्र हैं। हालांकि, प्रत्येक फ्रेंचाइजी को 120 करोड़ रुपये के पर्स की सीमा का ध्यान रखना होगा। प्रत्येक टीम अधिकतम 25 खिलाड़ियों को ले सकती है, जिसमें अधिकतम आठ विदेशी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। टीमें अन्य फ्रेंचाइजी के साथ खिलाड़ियों ट्रेड भी कर सकती हैं। ऐसे मामलों में जहां अलग-अलग मूल्य के खिलाड़ियों ट्रेड किया जाता है, उस स्थिति में उच्च मूल्य वाले खिलाड़ी को लेने वाली फ्रेंचाइजी को शेष राशि का भुगतान करना होता है। खिलाड़ियों को कैश डील से भी ट्रेड किया जा सकता है जहां खिलाड़ी को एक्सचेंज फीस के भुगतान पर ट्रेड किया जा सकता है।आईपीएल के नियमनुसार सीजन समाप्त होने के तुरंत बाद ट्रेड विंडो खुल जाता है और नीलामी के एक सप्ताह पहले तक टीमें ट्रेड कर सकती हैं। नीलामी के बाद ट्रेड विंडो आईपीएल सीजन शुरू होने के एक महीने पहले तक दोबारा खुली रहती है। हालांकि, मिनी नीलामी में खरीदे गए खिलाड़ियों को टीमें ट्रेड नहीं कर सकती हैं। मुंबई इंडियंस ने ऑलराउंडर शेरफाने रदरफोर्ड को गुजरात टाइटंस से 2.6 करोड़ रुपये में ट्रेड किया है।डेवोन कॉनवे और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की राहें जुदा हो चुकी हैं। सीएसके ने हालांकि, आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन कॉनवे ने इसकी पुष्टि कर दी है। सीएसके ने कॉनवे को 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का

# दूसरे दिन के पहले सत्र का खेल समाप्त

## भारत द.अफ्रीका से 21 रन पीछे; जडेजा-जुरेल क्रीज पर



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच का आज दूसरा दिन है। भारत ने शुरुआती दिन दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 159 रन पर ढेर कर दी थी। अब भारतीय टीम की नजरें बड़ी बढ़त लेने पर टिकी हुई हैं।भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र का खेल समाप्त हो गया है। भारत ने लंच ब्रेक तक पहली पारी में चार विकेट पर 138 रन बनाए हैं और वह फिलहाल दक्षिण अफ्रीका से 21 रन पीछे चल रहा है। फिलहाल रवींद्र जडेजा 11 रन और ध्रुव जुरेल पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने दूसरे दिन पहले सत्र में वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल और ऋषभ पंत के विकेट गंवाए। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि कप्तान शुभमन गिल चोटिल हो गए हैं जिस कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा है।दूसरे दिन केएल राहुल और वाशिंगटन ने टीम की पारी आगे बढ़ाई और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई। वाशिंगटन के आउट होने के साथ ही इस साझेदारी का अंत हुआ। वाशिंगटन 82 गेंदों पर 29 रन बनाकर आउट हुए। वाशिंगटन के आउट होने के बाद गिल क्रीज पर उतरे थे। उन्होंने मैदान पर आते ही चौके के साथ खाता खोला, लेकिन उनके गर्दन में दर्द होने लगा। इसके बाद फिजियो मैदान पर आए और गिल उनके साथ मैदान से बाहर चले गए। भारतीय टीम को केएल राहुल के रूप में तीसरा झटका लगा है। केएल राहुल अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन केशव महाराज के रूप में स्लिप में कैच थमा बैठे। राहुल 119 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। भारत को ऋषभ पंत के रूप में चौथा झटका लगा जो 24 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर आउट हो गए हैं। पंत तेजी से बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। भारत को ऋषभ पंत के रूप में चौथा झटका लगा जो 24 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर आउट हो गए हैं। पंत तेजी से बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। अब क्रीज पर जडेजा के साथ ध्रुव जुरेल मौजूद हैं। भारतीय टीम को केएल राहुल के रूप में तीसरा झटका लगा है। केएल राहुल अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन केशव महाराज के रूप में स्लिप में कैच थमा बैठे। राहुल 119 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। क्रीज पर फिलहाल पंत के साथ रवींद्र जडेजा मौजूद हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में भारत का स्कोर 100 रन के पार पहुंच गया है। क्रीज पर फिलहाल केएल राहुल के साथ ऋषभ पंत मौजूद हैं। कप्तान गिल चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर चले गए हैं। गिल की चोट कितनी गंभीर है, फिलहाल इसकी जानकारी बीसीसीआई ने नहीं दी है।भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर चले गए हैं।

# राजस्थान रॉयल्स और सीएसके बीच डील हुई पक्की

## अब येलो जर्सी में दिखेंगे सैमसन और RR के होंगे जडेजा?



रिपोर्ट की मानें तो सैमसन की जगह राजस्थान रॉयल्स को जडेजा और इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करेन दोनों खिलाड़ी मिलेंगे। माना जा रहा है कि रिटेंशन सूची सौंपने से पहले इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है।राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच रवींद्र जडेजा और संजू सैमसन को लेकर डील पक्की हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सैमसन और जडेजा को लेकर दोनों फ्रेंचाइजी स्वैप डील पर सहमत हो गए हैं। आईपीएल 2026 के लिए होने वाली मिनी नीलामी से पहले सभी टीमों को शनिवार तक रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची सौंपनी है। इससे पहले ही यह खबर सामने आ रही है कि सैमसन और जडेजा को लेकर सीएसके और राजस्थान के बीच डील पक्की हो गई है। रिपोर्ट की मानें तो सैमसन की जगह राजस्थान रॉयल्स को जडेजा और इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करेन दोनों खिलाड़ी मिलेंगे। माना जा रहा है कि रिटेंशन सूची सौंपने से पहले इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है। सैमसन को सीएसके में शामिल कराने को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है। सैमसन 2021 से राजस्थान टीम की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि जडेजा 2012 से सीएसके का हिस्सा हैं और उन्होंने इस टीम के साथ तीन बार खिताब जीता है।कई विशेषज्ञों का मानना है कि सैमसन के बदले जडेजा और करेन को लेना राजस्थान के लिए फायदे का सौदा है। जडेजा और सैमसन की फीस एक समान है, लेकिन करेन 2.4 करोड़ रुपये में रॉयल्स में शामिल होंगे। आईपीएल की एक फ्रेंचाइजी के सीईओ ने इस बात को चौंकाने वाला बताया कि जडेजा जैसे खिलाड़ी को सीएसके ने आसानी से जाने दिया। आईपीएल 2026 से पहले सीएसके में बड़े बदलाव की तैयारी है, क्योंकि डेवोन कॉनवे ने पहले ही खुलासा कर दिया है कि उन्हें फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया है। चेन्नई शनिवार को होने वाले रिटेंशन से पहले दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी और जेमी ओवरटन को अपनी टीम से रिलीज करने की तैयारी में है। सीएसके के लिए पिछला सीजन अच्छा नहीं रहा था